केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
श्री रणवीर परिसर, कोट-भलवाल,जम्मू-181122

के.सं.वि.श्री.र.प.ज/18011/2020-21/ 454 दिनांक : 05.08.2021

## कार्यालय आदेश

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के अनुसार शिक्षा शास्त्री प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन परिसर वेबसाईट पर उपलब्ध समयसारणी के अनुसार दिनांक 14.08.2021 से 31.08.2021 तक अधोलिखित रूप से किया जायेगा -

1. वार्षिक परीक्षा **ओपन बुक एग्जामिनेशन** के माध्यम से ली जायेंगी।
2. शिक्षा शास्त्री प्रथम वर्ष के परीक्षार्थी दिनांक 09 अगस्त 2021 तक अपने विषय अध्यापक से व्हाट्सअप ग्रुप पंजीकरण अनिवार्य रूप से करवा लें। सभी परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से ही प्रेषित किया जाएगा।

| प्रथम पारी<br>परीक्षा का समय 10:00 से<br>01:00 बजे तक | प्रश्न पत्र प्रेषित करने का समय<br>प्रातः 09:35 | उत्तर पुस्तिका जमा करवाने का<br>समय<br>अपराह्न 02:00 बजे तक |
|---|---|---|

3. शिक्षा शास्त्री प्रथम वर्ष के परीक्षार्थी प्रश्न पत्र को मोबाईल में डाउनलोड़ करके या प्रिंट लेकर A4 Size पेपर में उत्तर लिखेंगे।
4. सभी परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के ऊपर निर्धारित परिसर द्वारा प्रेषित अपना परीक्षा अनुक्रमांक, कक्षा का नाम, प्रश्नपत्र संख्या, कोड़, परीक्षा का दिनांक एवं अपने हस्ताक्षर का उल्लेख करना अनिवार्य है। उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ के उपर पृष्ठ संख्या ड़ालना भी अनिवार्य है।
5. परीक्षार्थी द्वारा स्वयं के हस्तलेख में ही उत्तर लिखना अनिवार्य है। स्वलिखित उत्तरपुस्तिका न होने पर परीक्षार्थी की परीक्षा निरस्त करके उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
6. परीक्षा में केवल **नीले रंग के बाल पेन** (Blue Pen) का प्रयोग ही करना है। प्रश्न पत्र के उत्तर क्रमानुसार ही लिखें।
7. परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिका के सभी पृष्ठों को क्रमशः ही स्केन (Scan) करें तथा PDF फार्मेट में निम्नलिखित अपनी कक्षा की **ई-मेल आईडी** पर ही प्रेषित करें।

| | |
|---|---|
| शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष | ss1csujmc@gmail.com |

8. दिनांक 11 अगस्त 2021 को प्रातः 10:00 बजे परीक्षा का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। एतदर्थ शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष के छात्रों के व्हाटस्अप ग्रुप पर एक पृष्ठ की उत्तर पुस्तिका प्रेषित की जाएगी। जिसका प्रिंट आउट लेकर छात्र दिए गये प्रश्न का उत्तर लिखकर एक घण्टे में csukuldeep@gmail.com इस मेल आईडी पर प्रेषित करेंगे।
9. परीक्षा के समय किसी भी प्रकार की असुविधा होने की स्थिति में शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष के के परीक्षार्थी प्रो. प्रभात कुमार महापात्र 7889546287 एवं प्रो. कुलदीप शर्मा, मोबाईल संख्या 9610422233 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
10. **उल्लिखित समयावधि में उत्तरपुस्तिका प्रेषित न करने की स्थिति में परीक्षार्थी को अनुपस्थित माना जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की ही होगी।**

(प्रो. मदन मोहन झा)
निदेशक

प्रतिलिपिः-

1. सभी प्राध्यापकों को सूचनार्थ।
2. सूचनापट्ट।
3. वेबसाईट प्रभारी

(प्रो. मदन मोहन झा)
निदेशक